-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 04.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) के अन्तर्गत जनशिकायतों के निस्तारण में बांदा पुलिस को मिला शत् प्रतिशत अंक। प्रदेश में बांदा पुलिस का आया प्रथम स्थान।**
- **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में आईजीआरएस सेल व समस्त थानों के संयुक्त प्रयासों से आया प्रथम स्थान । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा आईजीआरएस कर्मियों को नगद पुरस्कार से किया गया पुरस्कृत।**

विवरण- माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आनलाइन शिकायत पोर्टल समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (Integrated Grievance Redressal System-IGRS) से प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण में जनपद बांदा पुलिस को प्रदेश रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में प्रदेश के 75 जिलों में जनपद बांदा को शत प्रतिशत कार्यवाही के लिये प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बांदा पुलिस द्वारा मा0 मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया गया। जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।: